Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 ◘ अंक- 132 ◘ रायपुर, शुक्रवार 6 जून 2025 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया ● रायपुर ● जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

पीएम मोदी ने चिनाब ब्रिज का किया उद्घाटन

एक वास्तुशिल्प चमत्कार और दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज

कटरा और श्रीनगर को जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी

नई दिल्ली, 6 जून (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जम्मू-कश्मीर पहुंचे, जो पहलगाम आतंकी हमले के बाद क्षेत्र का उनका पहला दौरा है। अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री ने चेनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का उद्घाटन किया, जो उधमपुर-बनिहाल रेलवे परियोजना में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिससे पूरे क्षेत्र में कनेक्टिविटी में काफी सुधार होगा। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सीएम उमर अब्दुल्ला और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लिंक परियोजना टीम के साथ बातचीत की। चिनाब ब्रिज से तस्वीरें सामने आई हैं जिसमें प्रधानमंत्री हाथ में तिरंगा लेकर चलते हुए नजर आ रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कटरा रेलवे स्टेशन से कटरा और श्रीनगर को जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चेनाब रेल पुल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। चेनाब रेल ब्रिज, एक वास्तुशिल्प चमत्कार और दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है, जिसकी लंबाई 1,315 मीटर है और यह अत्याधुनिक इंजीनियरिंग का एक प्रमाण है। असाधारण लचीलेपन के लिए डिज़ाइन किया गया, यह अत्यधिक भूकंपीय गतिविधि और 266 किमी/घंटा तक की हवा की गति का सामना कर सकता है, जो उच्च जोखिम वाले भूकंपीय क्षेत्र में इसके स्थान को देखते हुए महत्वपूर्ण विशेषताएँ हैं। भारतीय रेलवे के लिए पहली बार, इस पुल को विस्फोट-रोधी स्टील और कंक्रीट से बनाया गया है, जो इसके रणनीतिक महत्व और मजबूत सुरक्षा विशेषताओं को रेखांकित करता है। जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले में स्थित दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज, उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लिंक परियोजना (यूएसबीआरएल) का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जम्मू और कश्मीर में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना है। इस बड़े दिन से पहले, हम इस बात पर करीब से नज़र डालते हैं कि कैसे चेनाब ब्रिज वास्तव में इंजीनियरिंग का एक उल्लेखनीय कारनामा है और कैसे इसे भूकंप और 40 किलोग्राम टीएनटी के विशाल विस्फोट को झेलने के लिए डिज़ाइन किया गया है। दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल माने जाने वाले चेनाब ब्रिज को डब्ल्यूएसपी फिनलैंड ने जर्मन फर्म लियोनहार्ट, एंड्रा अंड पार्टनर के साथ मिलकर डिजाइन किया है, जिसने पुल के मेहराबों को डिजाइन किया है, और वियना कंसल्टिंग इंजीनियर्स ने खंभों के डिजाइन में मदद की है। डिजाइन तैयार होने के बाद, कॉनकन रेलवे कॉर्पोरेशन के कर्मचारियों और इंजीनियरों ने योजनाओं को मूर्त रूप दिया। और यह कोई आसान काम नहीं है। 1,315 मीटर लंबा यह पुल रियासी जिले के कौरी क्षेत्र में चेनाब नदी पर बनाया गया है।

इस पुल को वास्तव में आश्चर्यजनक बनाने वाली बात यह है कि यह चेनाब नदी के तल से 359 मीटर (1,178 फीट) की ऊँचाई पर बना है, जो इसे दुनिया का सबसे ऊँचा रेलवे पुल बनाता है। जो लोग परिप्रेक्ष्य चाहते हैं, उनके लिए बता दें कि 359 मीटर पेरिस के एफिल टॉवर से लगभग 35 मीटर ऊँचा है। पुल के निर्माण में 28,660 मीट्रिक टन स्टील, 10 लाख क्यूबिक मीटर मिट्टी का काम, 66,000 मीटर कॉंक्रीट और 26 किलोमीटर मोटर योग्य सड़कें शामिल थीं। चेनाब पुल के निर्माण में शामिल लोगों के अनुसार, मेहराब का कुल वजन 10,619 मीट्रिक टन है।

मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें फिर तेज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दिल्ली रवाना

रायपुर, 6 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री सीएम विष्णुदेव साय शुक्रवार 6 जून को एक दिन के प्रवास पर दिल्ली जा रहे हैं। सुशासन तिहार के बाद यह पहला दौरा है। अचानक बने दौरे में दिन भर वहां के कार्यक्रम तय नहीं हैं। वे क 7ई राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात करेंगे। सीएम के अचानक दिल्ली दौरा को लेकर प्रदेश मंत्रिमंडल में रिक्त दो मंत्री के दो पद और बाकी बचे निगम मंडलों में नियुक्ति होने की अटकलें एक बार फिर तेज हो गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सीएम का यह दौरा बीजेपी संगठन चुनाव को लेकर हो सकता है। इस दौरान वे कई राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात करेंगे।

पिकअप वाहन पेड़ से टकराई, एक की मौत, 3 घायल

मोहेरा पुल के आगे रायपुर रोड पर हादसा

गरियाबंद, 6 जून (हाईवे चैनल)। जिले के मोहेरा पुल के आगे रायपुर रोड पर गुरुवार सुबह करीब आठ बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक पिकअप वाहन तेज रफ्तार में सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से जा टकराया। हादसे में सवार चार लोगों में से एक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं तीन अन्य घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि ये लोग फाइबर केबल बिछाने के काम के सिलसिले में रोड किनारे कार्य कर रहे थे। इसी दौरान यह दुर्घटना घटित हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुँचाया गया, वहीं गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को रायपुर रेफर करने की तैयारी की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान व घायलों की स्थिति की जानकारी के लिए प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

ब्रेकिंग न्यूज

भाजपा ने मांगा सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार का इस्तीफा

नई दिल्ली, 6 जून (न्यूज चैनल)। विपक्षी भाजपा ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और गृह मंत्री परमेश्वर के इस्तीफे की मांग की। विपक्षी नेता आर अशोक ने इस दुखद घटना को क्रिकेट एसोसिएशन का कार्यक्रम बताकर जिम्मेदारी से बचने के लिए सिद्धारमैया की आलोचना की। अन्य नेताओं ने भी सोशल मीडिया पर आरोप लगाया कि भगदड़ में कई लोगों की मौत की सूचना मिलने के बाद भी मुख्यमंत्री ने होटल में खाना खाया और बादाम हलवा खाया। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि राज्य सरकार ने दबाव में आकर ही यह कदम उठाया है। आरसीबी और कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ कार्रवाई की गई है। कल मुख्यमंत्री ने अचानक बेंगलुरु सिटी पुलिस कमिश्नर समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और पांच अन्य अधिकारियों को निलंबित कर दिया। असली आरोपी कोई और नहीं बल्कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया हैं। आरोपी नंबर 2 उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार हैं।

न्यायधानी में मिली पति-पत्नी की लाश

बिलासपुर, 6 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर से अपराध की अलग-अलग वारदातें सामने आई है. इनमें मर्डर, लूटपाट और मारपीट के अपराध शामिल हैं. पहली सनसनीखेज वारदात बिल्हा क्षेत्र में घर के अंदर पति-पत्नी की संदिग्ध हालत में लाश मिली है. इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है. मृतकों की पहचान इंदिरा साहू और घनश्याम साहू के रूप में हुई है. दरअसल, मकान में महिला का शव बिस्तर पर खून से लथपथ मिला, जबकि घनश्याम साहू की लाश फांसी के फंदे पर लटकी हुई बरामद की गई. सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक एक्सपर्ट्स की टीम मौके पर पहुंची. मामले की जांच जारी है. थाना प्रभारी उमेश साहू ने वारदात को लेकर कहा कि शवों के पोस्टमार्टम और जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो जाएगा. पुलिस की टीम जांच में जुटी हुई है.

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, विश्व पर्यावरण दिवस पर लोग बहुत पौधे लगा रहे हैं।

चुहिया- हां जी, अखबारों में फोटो छपवाने के लिए जरूरी भी है।

धर्मांतरण सबसे बड़ी समस्या, संघ के साथ मिलकर करेंगे समाधान: अरविंद नेताम

संघ मुख्यालय में बोले दिग्गज आदिवासी नेता

रायपुर, 6 जून (हाईवे चैनल)। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने धर्मांतरण को सबसे बड़ी समस्या बताते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ मिलकर इसका समाधान निकालने की बात कही है. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नागपुर स्थित मुख्यालय में आयोजित प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिग्गज आदिवासी नेता अरविंद नेताम ने धर्मांतरण को गंभीरता से नहीं लेने पर सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकारें दोषारोपण ही करती रही, आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया. आरएसएस और आदिवासी मिलकर समाधान कर सकते हैं. बता दें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पहली बार छत्तीसगढ़ से किसी आदिवासी नेता को नागपुर मुख्यालय में व्यक्तव्य के लिए आमंत्रित किया है. इस आमंत्रण को लेकर लाल्लूराम डॉट कॉम से चर्चा में अरविंद नेताम ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ की राजनीति और आदिवासी समाज के लिए एक ऐतिहासिक घटनाक्रम है. उन्होंने बताया कि मुझे संघ प्रमुख की ओर से बुलावा आया और मैं तीन दिनों तक संघ मुख्यालय नागपुर में रहूँगा. 3 जून को मैं नागपुर जाऊँगा. 3, 4 और 5 जून में नागपुर में रहकर संघ की गतिविधियों को करीब से देखूँगा. 5 जून को मोहन भागवत के साथ बतौर प्रमुख अतिथि के रूप में प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम पर मंच साझा करूंगा.

पेड़ काट रहे बुजुर्ग की हाइटेंशन तार की चपेट में आने से मौत

धमतरी, 6 जून (हाईवे चैनल) सिहावा थाना क्षेत्र में आज सुबह एक वृद्ध की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई. वृद्ध पेड़ की कटाई कर रहा था. इसी दौरान पेड़ से लगे हाई टेंशन तार से उसे करंट लगी और वहीं उसकी मौत हो गई. पूरी घटना सांकरा गांव की है. जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान दुर्गेश ध्रुव (50 वर्ष) है. वह सांकरा मैनपुर मुख्य मार्ग में स्थित वन विभाग रिसगांव कार्यालय के सामने नीम की पेड़ पर चढ़कर टहनी काट रहा था. इसी दौरान पेड़ से लगे बिजली के तार की चपेट में आ गया. इस हादसे में वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई.

कोरोना के बढ़ रहे मामले, रायपुर-बिलासपुर में मिले 9 नए मरीज, एक्टिव मरीजों की संख्या हुई 24

रायपुर, 6 जून (हाईवे चैनल)। प्रदेश में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ती ही जा रही है. बीते 24 घंटो में राजधानी रायपुर में फिर 5 और बिलासपुर में 4 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं. अब तक कुल 30 मामले सामने आए, जिनमें से 6 मरीज वायरस को मात देकर डिस्चार्ज हो गए हैं. 1 मरीज ड्रूट में हैं और अन्य 23 होम-आइसोलेशन में हैं. कुल एक्टिव कोरोना मरीजों की संख्या 24 है. कोरोना मरीजों में कुछ छोटे बच्चे भी शामिल हैं. राहत की बात यह है कि कोरोना के इस लहर में एक भी मरीज की मौत नहीं हुई है. बता दें, 30 कोरोना मरीजों में से केवल 2 की ही ट्रेवल डिस्ट्री रही है. वे उड़ीसा राज्य से लौटने के बाद टेस्ट में कोरोना पॉजिटिव पाए गए. बाकी 28 मरीज अपने लोकल जगहों से इस वायरस के संक्रमण में आए हैं. यानि कोरोना वायरस हमारे इर्द-गिर्द कहीं भी भीड़-भाड़ वाले जगहों पर मौजूद हो सकता है. हालांकि कि कोरोना वायरस से हमें डरने की जरूरत नहीं है.

आरबीआई ने लगातार तीसरी बार घटाया रेपो रेट, 0.50 प्रतिशत की कटौती

नई दिल्ली, 6 जून (न्यूज चैनल)। आरबीआई मॉनेटरी पॉलिसी एफवाई-2025-26 की तीन दिवसीय बैठक के नतीजे सामने आ चुके हैं। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बैठक के नतीजों का ऐलान करते हुए रेपो रेट में 0.50% की कटौती की घोषणा की है। इसी के साथ अब रेपो रेट 6.00% से घटकर 5.50% हो गया है।

बता दें कि इससे पहले फरवरी 2025 और अप्रैल 2025 में भी दो बार रेपो रेट में 0.25% की कटौती की गई थी, जिसके बाद ये घटकर 6.00% पर पहुंच गया था। एक बार फिर से ब्याज दरों में कटौती होने से आम लोगों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी क्योंकि इसका सीधा असर उनके तमाम लोन की ईएमआई पर पड़ेगा। फाइनेंशियल ईयर 2026 में रियल जीडीपी ग्रोथ 6.5% रहने का अनुमान है। पहली तिमाही में यह 6.5%, दूसरी तिमाही में 6.7 फीसदी, तीसरी तिमाही में 6.6 फीसदी और चौथी तिमाही में 6.3% रहने का अनुमान है। आरबीआई ने महंगाई के अनुमान को भी 4 फीसदी से घटाकर 3.7% कर दिया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वैश्विक स्थिति नाजुक, विभिन्न देशों में आर्थिक परिदृश्य कमजोर बना हुआ है। वैश्विक स्तर पर कमजोर आर्थिक परिदृश्य के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। आरबीआई ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.50 प्रतिशत किया। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि तीन बार में रेपो रेट में 100 बीपीएस की कटौती की गई है। इसके साथ ही रेपो रेट अब 5.5 फीसदी रह गया है। काफी तेजी से रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती के बाद अब मौद्रिक नीति में वृद्धि को समर्थन देने के लिए सीमित गुंजाइश रह गई है। एमपीसी ने साथ ही अपना रुख अकोमोडेटिव से न्यूट्रल कर दिया है।

होजयरी मार्केट की दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का सामान खाक

दुर्ग, 6 जून (हाईवे चैनल)। सुपेला होजियरी मार्केट स्थित एक दुकान में आज अचानक आग लग गई. आग इतनी भीषण थी कि दुकान में रखा चप्पल जूते का रॉ मटेरियल लाखों का सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया. आगजनी की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमें तत्काल मौके पर पहुंची, और 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. घटना की शुरुआती जांच में सामने आया कि आग दुकान में शॉर्ट सर्किट होने से लगी. दुकान संचालक ने बताया कि दुकान में वेल्डिंग मशीन लगाकर टूटे हुए चेयर को वेल्डिंग कर रहा था. इसी दौरान वेल्डिंग मशीन चालू करने पर अंदर शॉर्ट सर्किट हुआ. इसके बाद जूता चिपकाने में इस्तेमाल होने वाले सॉल्यूशन में आग लग गई. धीरे-धीरे आग फैली, दुकान के बाहर धुआं आने लगा. वहीं जब दुकान का शटर खोला गया, तो भीषण आग का गुबार बाहर निकला.

नक्सली लीडर हिड़मा के गांव पूवर्ती में खुला सीआरपीएफ का गुरुकुल, जवानों ने उठाया बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा

रायपुर, 6 जून (हाईवे चैनल)। केंद्र और राज्य सरकार की समन्वित रणनीति तथा जवानों के पराक्रम से बस्तर में नक्सलवाद का धुंध अब छटने लगा है. बस्तर संभाग के 7 जिलों में दो ड्ड तीन जिलों को छोड़कर बाकी सभी जिलों में नक्सलियों का सफाया हो चुका है. इसके साथ अब वहां शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की बात होने लगी है। बस्तर शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग तरह का पहला मॉडल बनकर उभर रहा है. यहां सीआरपीएफ नक्सल इलाकों के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से भी जोड़ने का प्रयास कर रही है. पहली बार नक्सली संगठन के सीसी मेंबर नक्सली हिड़मा के गांव पूवर्ती में सीआरपीएफ ने गुरुकुल की स्थापना की. इन गांवों तक पहुंचने साल 2005 में सड़क ही नहीं थी, ऐसे में ये गांव मुख्यधारा से कटे हुए थे. अब करीब 19 साल बाद 2024 में अफसर इन गांवों तक पहुंच पाए, कभी नक्सलियों का गढ़ माने जाने वाले पूवर्ती, टेकलगुडेम शिक्षा का अलग माहौल है. सीआरपीएफ ने यहां गुरुकुल की स्थापना की. इससे पूवर्ती, टेकलगुड़ेम में करीब 80 से ज्यादा बच्चे गुरुकुल से जुड़ चुके हैं, जिन्हें शिक्षादूत एक साल से शिक्षा दे रहे हैं।

10 से ज्यादा बच्चे 100 किमी दूर कुआकोंडा के पोटा केबिन में रहकर पढ़ रहे हैं. ये वो बच्चे हैं, जिनके पालक क्षेत्र के खराब हो चुके माहौल को देखते हुए बच्चों को आश्रम-छात्रावासों में शिफ्ट कर दिया. डीआईजी आनंद सिंह राजपुरोहित ने बताया कि तीन गुरुकुल चल रहे हैं. इसमें बच्चों के लिए कॉपी-किताब की व्यवस्था सीआरपीएफ कर रही है. पढ़ाने के साथ खेल-कूद के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं. सुकमा जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी ने बताया कि बच्चों का सर्वे किया जा रहा है. पूवर्ती में स्कूल का निर्माण किया जा रहा है. पढ़ाई छोड़ चुके 35 बच्चों को स्कूलों से जोड़ने पालकों से बात की जा रही है।